CMYK

रायगढ़, रविवार
19.11. 2017
मार्गशीष शुक्ल 1
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

3 देखें...ताज के आस-पास लगा है निर्माण ... 6 देखें मनोरंजन में .... अर्जुन कपूर के बाद संदीप...

» वर्ष-1 » अंक - 29 »

## लेह में शून्य से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचा पारा

श्रीनगर, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र के लेह में बीती रात इस मौसम की सबसे ठंडी रात थी और वहां तापमान शून्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. श्रीनगर-लेह राजमार्ग यातायात के लिए अभी भी बंद है.मौसम विभाग के अधिकारी ने यहां बताया कि लेह में बीती रात का तापमान शून्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. उन्होंने बताया कि इस मौसम की यह सबसे ठंडी रात रही. नजदीकी कारगिल शहर में तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. कश्मीर में पहलगाम और गुलमर्ग सहित कुछ अन्य जगहों में भी तापमान शून्य से नीचे चला गया. अधिकारी ने बताया कि सालाना अमरनाथ यात्रा में आधार शिविर के रूप में इस्तेमाल होने वाले पहलगाम में न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं स्की के लिए मशहूर गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा. राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दक्षिण कश्मीर के काजीगुंद में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री और कोकेरनाग में 0.4 डिग्री दर्ज किया गया जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री रहा. मौसम विभाग ने घाटी के कुछ स्थानों में अगले 24 घंटे के दौरान हल्की बारिश होने और आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई है. यातायात नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर-लेह राजमार्ग यातायात के लिए बंद रहेगा क्योंकि कल बर्फबारी की वजह से रास्ता फिसलन भरा हो गया था. उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर यातायात बहाल करने के बारे में फैसला बर्फ को रास्ते से हटाने के बाद की स्थिति के आकलन के आधार पर लिया जाएगा

## भारत की महान बेटी' इंदिरा गांधी ने देश को एकजुट किया



नई दिल्ली, (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भारत की 'महान बेटी' थीं जिन्होंने देश को एकजुट किया और उन ताकतों के खिलाफ लड़ीं जो लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे थे. इंदिरा की 100वीं जयंती के मौके पर आयोजित एक फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर सोनिया ने कहा, ''मैंने सुना है कि इंदिरा जी को आयरन लेडी कहा जाता है. लेकिन मैं उनके बारे में यह कहूंगी कि उनमें उदारता और मानवता थी. वह लड़ीं, लेकिन अपने निजी हित के लिए नहीं लड़ीं. वह अपने सिद्धांत के लिए लड़ीं. उन्होंने गरीबों और शोषितों के लिए, लड़ाई लड़ी और उनकी आवाज को एकसाथ जोड़ने का काम किया. देश को एकजुट किया.''पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी वाले इस कार्यक्रम में सोनिया ने कहा, ''इंदिरा जी धर्मनिरपेक्षता के लिए लड़ीं. उनकी लड़ाई उन ताकतों के खिलाफ थी जो भारत के लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे थे. उन्होंने भारत की विविधता और मजबूत लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को आगे बढ़ाया.'' पूर्व प्रधानमंत्री की विदेश नीति और सुरक्षा नीति की तारीफ करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''वह एक संप्रभु देश के तौर पर भारत के हितों के लिए और महाशक्तियों के वर्चस्व के खिलाफ लड़ीं. बांग्लादेश की स्थापना उनके इसी रुख का प्रतीक है. वह भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले गईं.'' उन्होंने कहा, ''मैंने उनको बहुत करीब से देखा है. वह हमेशा देश के बारे में सोचती थीं. हम सब आज इस महान देश की महान बेटी को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं.''

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने उड़ाया मानुषी छिल्लर के नाम का मजाक

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर मिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीतकर देश को गर्व का अनुभव देने वाली मानुषी छिल्लर के नाम का मजाक उड़ाकर बुरी तरह फंस गए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे छिल्लर का अपमान बताते हुए उन्हें तुरंत माफी मांगने को कहा है। ट्विटर यूजर्स ने भी इस पर नाराजगी जाहिर की, जिनमें अनुपम खेर भी शामिल हैं। बाद में शशि थरूर ने सफाई देते हुए, कहा कि उन्होंने छिल्लर का अपमान नहीं किया है। शशि थरूर ने छिल्लर का जिक्र करते हुए बीजेपी पर निशाना साधा और कहा, हमारी मुद्रा को डिमोनिटाइज करना कितनी बड़ी गलती! बीजेपी को यह अहसास हुआ होगा कि भारतीय नकदी पूरी दुनिया पर हावी है। देखो, हमारा चिल्लर भी मिस वर्ल्ड बन गया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने ट्वीट करते हुए कहा, एनसीडब्ल्यू कांग्रेस नेता शशि थरूर के ट्वीट की निंदा करता है। उन्होंने हरियाणा और देश की बेटी की उपलब्धि का अपमान किया है, जिसने देश को गौरव दिलाया। क्या वह अपनी बेटी को चिल्लर कहेंगे। उन्हें तुरंत माफी मांगनी चाहिए। एक्टर अनुपम खेर ने थरूर पर निशाना साधते हुए पूछा, आपका स्तर इतना क्यों गिर गया है। कई ट्विटर यूजर्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को घेरते हुए राहुल गांधी को भी लपेट लिया।

## अरबों रुपये खर्च करने के लिए राजनीति से संन्यास लेंगे रूस के राष्ट्रपति पुतिन?

मॉस्को ,(आरएनएस)। रूस की राजनीति में जल्द एक हैरान कर देने वाला मोड़ आ सकता है। खबरों के मुताबिक देश के राष्ट्रपति और दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में से एक व्लादिमीर पुतिन अब राजनीति से संन्यास लेने के बारे में सोच रहे हैं। रूस में अगले साल चुनाव होने वाले हैं और संभवतः वह अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। द इंडिपेंडेंट के मुताबिक, पुतिन अब काफी थक गए हैं और वे दोबारा चुनाव प्रचार जैसे थकाऊ काम में शामिल नहीं होना चाहते हैं। इसलिए अब वह मार्च में होने जा रहे चुनावों से दूरी बनाने पर विचार कर रहे हैं। पुतिन साल 2000 में सत्ता में आए थे और तबसे अब तक उन्होंने 3 चुनाव जीते हैं। खबर यह भी है कि पुतिन अब अपनी 160 अरब पाउंड यानी 13 हजार 731 अरब रुपये की संपत्ति को खर्च करना चाहते हैं और उसके लिए उन्हें समय चाहिए। ऐसा माना जा रहा है कि गुपचुप तरीके से पुतिन दुनिया के सबसे अमीर शख्सियतों में से एक बन गए हैं। पुतिन के पास लगभग ढाई अरब रुपये की एक नाव है जो उन्हें गिफ्ट में मिली थी। इतना ही नहीं वह एक पैलेस के भी मालिक हैं जिसकी कीमत तकरीबन 69 अरब रुपये हैं। पुतिन के राजनीतिक विरोधी बोरिस नेमस्तोव ने एक डॉजियर में जानकारी दी थी कि पुतिन के पास 58 प्लेन और हेलिकॉप्टर्स के साथ ही घड़ियों का ऐसा कलेक्शन है जिनकी कीमत 32 करोड़ रुपये से पार है। डॉजियर के मुताबिक पुतिन के पास 20 पैलेस और होटल हैं। दस्तावेजों में टेलिग्राफ के हवाले से लिखा गया है कि पुतिन के प्राइवेट जेट में करीब 35 लाख रुपये का टॉयलट है। लेकिन नेता रहते हुए पुतिन अपने इस ऐशो-आराम भरी जिंदगी को जी नहीं पा रहे हैं। साल 2000 में रूसी फंड मैनेजर और लेखक बिल ब्रॉडर ने सीएनएन को बताया था कि पुतिन की के पास कुल 13 हजार अरब रुपये की संपत्ति है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि



पुतिन कभी भी फोर्ब्स की दुनिया में सबसे अमीर लोगों की सूची में शामिल नहीं किए गए। पुतिन ने हालांकि अप्रैल 2015 में खुद के पास इतनी संपत्ति होने की बातों को खारिज करते हुए कहा था कि उनके पास सिर्फ 80 लाख रुपये की संपत्ति है, जो उन्होंने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए मिली सैलरी, दो फ्लैटों के मालिक होने और एक कार पार्किंग से कमाई है।

## बक्सर के डीएम के बाद अब ओएसडी ने भी की आत्महत्या

बक्सर,(आरएनएस)। बिहार के बक्सर के जिलाधिकारी के ओएसडी डिस्ट्रिक्ट लैंड एक्विजेशन ऑफिसर तौकीर अकरम ने आदर्श थाने के तहत आने वाली वीरकुंवर सिंह कालोनी स्थित अपने किराये के मकान में रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तौकीर अकरम की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया. मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा, ''यह हृदयविदारक घटना है. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें.'' उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य देने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है. मुख्यमंत्री ने हादसे की सूचना मिलने के बाद मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह एवं गृह विभाग के प्रधान सचिव आमिर सुबहानी से दूरभाष पर बात की और उन्होंने सम्पूर्ण मामले की जांच का निर्देश दिया. घटनास्थल पर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहुंचे बक्सर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार ने इसे बहुत ही दुखद घटना बताते हुए कहा कि उनके कमरे से एक पत्र मिला है जिसमें उन्होंने लिखा है कि वे स्वयं ही आत्महत्या कर रहे हैं, इसके लिये कोई और जिम्मेदार नहीं है. वहीं मृतक के माता और पिता ने आरोप लगाया कि तौकीर का वेतन करीब एक साल से कुछ विभागीय कारणों से आधा कर दिया गया था जिसके कारण वे अवसाद में चले गये थे इसीलिये उन्होंने यह कदम उठाया. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 बैच के बक्सर जिले के पूर्व जिलाधिकारी मुकेश पांडेय ने भी चार महीने पूर्व आत्महत्या कर ली थी. पांडेय का शव गत अगस्त महीने में गजियाबाद रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर पटरी पर पाया गया था.

## इस देश की मां थीं इंदिरा गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने रविवार को अपनी दादी और देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म शताब्दी पर उन्हें याद करते हुए कहा कि वह इस देश की मां थीं। सुल्तानपुर से सांसद वरुण गांधी ने ट्वीट कर अपनी बात कही है। वरुण ने कहा, सभी गुणों में से साहस ही सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि बिना साहस के आप दूसरे किसी भी गुण को लगातार प्रैक्टिस नहीं कर सकते हैं। यह एक महिला के लिए है, जो इस देश की मां थीं। आपको मिस कर रहा हूं दादी। मुझे पता है कि आप हमेशा हम पर अपनी नजर बनाए रखती हैं। वरुण ने इस ट्वीट के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें पूर्व पीएम इंदिरा उन्हें अपनी गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं। गौरतलब है कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को इलाहाबाद में हुआ था। इंदिरा गांधी की जन्म शताब्दी पर गांधी परिवार के अन्य सदस्यों कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने भी श्रद्धांजलि दी। राहुल ने अपने ट्वीट में कहा, दादी मैं आपको ढेर सारे प्यार और खुशी के साथ याद कर रहा हूं। आप मेरी मार्गदर्शक हैं। आपसे मुझे शक्ति मिलती है।

## पिटाई है बच्चों के लिए नुकसानदेह

न्यूयॉर्क(आरएनएस)।वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि आप अपने बच्चों की पिटाई करते हैं तो यह नुकसानदायक हो सकता है । पिटाई से बच्चे सुधरने की जगह और बिगड़ सकते हैं। इसलिए माता-पिता को इस बात पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों की पिटाई कोई प्रभावी तरीका नहीं है और यह बच्चों के व्यवहार को खराब बनाती है न कि बेहतर।इस अध्ययन को साइकॉलजिकल साइंस जर्नल में प्रकाशित किया गया है। एलिजाबेथ ने कहा कि माता पिता कई कारणों से अपने बच्चों की पिटाई करते हैं। उन्होंने कहा कि पिटाई बच्चों के लिए नुकसानदेह होता है

## सुप्रीम कोर्ट ने सजा पूरी कर चुके विदेशी कैदियों पर केंद्र से 4 हफ्तों में मांगा जवाब

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सजा पूरी चुके पाकिस्तानी सहित सभी विदेशी कैदियों की ताजा स्थिति के बारे में रिपोर्ट देने को कहा है. न्यायमूर्ति एके सिकरी और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की पीठ ने सरकार को शीर्ष न्यायालय के इस साल तीन मई को दिए गए आदेश के अनुपालन में चार सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है. पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को तीन मई, 2017 के आदेश के अनुपालन में चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने दीजिए. मामले को चार सप्ताह के बाद सूचीबद्ध किया जाएगा. केंद्र ने शीर्ष न्यायालय को सूचित किया कि उसने इस मामले में पिछले साल अप्रैल में स्थिति रिपोर्ट पेश की थी. मामले में याचिकाकर्ता वरिष्ठ वकील भीम सिंह ने शीर्ष न्यायालय को बताया कि वर्ष 2005 में जब उन्होंने याचिका दायर की थी तो उस समय 82 ऐसे लोग थे, जिन्हें जम्मू-कश्मीर में हिरासत में लिया गया था. न्यायालय सजा पूरी होने के बावजूद देश की विभिन्न जेलों में बंद विदेशी कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था. याचिका में अवैध तरीके से जम्मू-कश्मीर के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी कैदियों के मुद्दे को भी उठाया गया है.

## पी. चिदंबरम ने मोदी सरकार को चेताया



मुंबई (आरएनएस) कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने आगाह किया है कि भ्रष्टाचार के जिन आरोपों ने यूपीए-2 को डुबोया, वैसे ही आरोप अपने कार्यकाल के समापन की ओर बढ़ रही नरेंद्र मोदी सरकार पर भी लग सकते हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत यूपीए-2 सरकार पर उसके कार्यकाल के अंतिम दौर में भ्रष्टाचार के कई आरोप लग चुके थे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल की समाप्ति (2019 में) पर यही धब्बा बीजेपी सरकार पर भी लग सकता है, हालांकि वह नहीं चाहते कि ऐसा हो। चिदंबरम ने शनिवार को यहां टाटा लिटरेचर लाइव महोत्सव में एक परिचर्चा में कहा कि अपना कार्यकाल पूरा करने वाली पिछली सरकार यूपीए की थी। वह यूपीए का दूसरा कार्यकाल था और उस पर धब्बा लगा। किसी भी सरकार का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने तक इंतजार करें, उस पर भी पिछली सरकार की तरह ही धब्बा लगेगा। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके चिदंबरम ने कहा, मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन ऐसा होगा। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, यूपीए सरकार के कार्यकाल के आखिरी दिनों में उस पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे। जब तक किसी को दोषी नहीं ठहराया जाता और सजा नहीं दी जाती, तब तक मैं यह मानने को तैयार नहीं हूं कि वह दोषी है। चिदंबरम ने कहा कि जब तक सामने वाला बेकसूर साबित नहीं हो जाता तब तक उसे दोषी समझा जाता है और मेरे विचार से यह गलत है क्योंकि इससे देश में कानून का शासन प्रभावित होगा। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि भ्रष्टाचार का मुख्य कारण लालच है जो चुनाव के लिए धन की जरूरत से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक व्यक्ति या राजनीतिक दल के मामले में, चुनाव के लिए पैसा जरूरी है जो उस राह पर भेजता है जिसे आप भ्रष्टाचार कहते हैं। जब तक आप चुनाव के लिए धन के रास्ते नहीं खोज लेते तब तक आप भ्रष्टाचार को कम नहीं कर पाएंगे।

## स्विस संसदीय समिति ने भारत के साथ सूचनाओं के स्वतः

नई दिल्ली,(आरएनएस)। स्विट्जरलैंड की एक महत्वपूर्ण संसदीय समिति ने भारत के साथ कालेधन पर बैंकिंग सूचनाओं के स्वतः आदान प्रदान संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे स्विस बैंकों में भारतीयों के बैंक खातों के बारे में स्वचालित व्यवस्था के तहत जानकारी मिल सकेगी। स्विट्जरलैंड संसद के उच्च सदन की आर्थिक और टैक्स मामलों की एक समिति ने भारत और 40 अन्य देशों के साथ इस संबंध में प्रस्तावित करार के मसौदे को मंजूरी दी है, लेकिन इसके साथ समिति ने व्यक्तिगत कानूनी दावों के प्रावधानों को मजबूत करने का भी सुझाव दिया है। समिति की 2 नवंबर को अंतिम बैठक के विवरण के अनुसार, उसने अपने देश की सरकार को संसद में एक कानून संशोधन प्रस्ताव रखने को कहा है, जो व्यक्तिगत कानूनी संरक्षण को मजबूत करने वाला हो। इसके साथ ही समिति ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि ऐसे किसी मामले में जहां व्यक्तिगत दावे के आवश्यक कानूनी अधिकार का उल्लंघन हो रहा हो उनमें सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं होना चाहिए। इस प्रस्ताव को अब मंजूरी के लिए संसद के 27 नवंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में संसद के उच्च सदन के सामने रखा जाएगा। इस करार से अभी तक कालेधन के सुरक्षित पनाहगाह रहे स्विट्जरलैंड से कालाधन रखने वालों के बीच लगातार ब्योरा मिल सकेगा। करार के तहत जिन सूचनाओं का आदान प्रदान किया जा सकता है उनमें खाता संख्या, नाम, पता, जन्म की तारीख, कर पहचान संख्या, ब्याज, लाभांश, बीमा पालिसियों से प्राप्ति, खाते में शेष और वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री से प्राप्ति शामिल है। इस तरीके से काम करेगी व्यवस्था यदि किसी भारतीय का स्विट्जरलैंड में बैंक खाता है, तो संबंधित बैंक वहां के अधिकारियों को खाते का वित्तीय ब्योरा सौंपेगा। उसके बाद स्विस अधिकारी स्वतः तरीके से इन सूचनाओं को भारत में अपने समकक्षों को स्थानांतरित करेंगे, जो उसकी जांच कर सकेंगे। सीमा पार टैक्स चोरी रोकने के लिए भारत और स्विट्जरलैंड सहित करीब 100 देशों ने सूचनाओं के स्वतः आदान प्रदान के वैश्विक मानदंडों (एईओआई) को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई है। हालांकि, स्विट्जरलैंड के घरेलू बैंक ग्राहकों की गोपनीयता एईओआई से प्रभावित नहीं होगी। यह करार अगले साल से लागू होगा और भारत के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान 2019 से शुरू हो जाएगा। भारत के साथ सूचनाओं की स्वचालित व्यवस्था के प्रस्ताव को स्विट्जरलैंड की संसद के निचले सदन नैशनल काउंसिल ने सितंबर में अनुमोदित किया था।

## कश्मीर पहुंचा आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट

श्रीनगर ,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के जकूरा में हुए हमले की खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट की ओर से जिम्मेदारी लेने के बाद सरकार भी सतर्क हो गई है। इस हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया था। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है और जल्दी ही इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। पीएमओ ऑफिस में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से फ्रीहैंड दिए जाने की वजह से आतंकियों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। आईएस की प्रॉपेगेंडा एजेंसी अमाक की ओर से आतंकी हमले की जिम्मेदारी लिए जाने की बाबत पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, सरकार ने इनपुट्स को संज्ञान में लिया है। गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियां इस दिशा में उचित कदम उठाने के प्रयास कर रही हैं। शुक्रवार को कार सवार तीन आतंकवादियों ने श्रीनगर-गांदरबल रोड पर जकूरा क्रॉसिंग पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। इसमें सब-इंस्पेक्टर इमरान टाक शहीद हो गए थे और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर घायल हो गया। इसके बाद सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में एक मोस्ट वॉन्टेड स्थानीय आतंकी ढेर हो गया था। इस आतंकी को इस्लामिक स्टेट के झंडे में लपेटकर दफनाया गया। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड जकी-उर रहमान लखवी के भतीजे समेत छह आतंकियों के बांदीपोरा में हुई मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के निर्णायक फैसलों की वजह से आतंकी ढेर हो रहे हैं।

## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु सर्वे करने के लिए सर्वेयर एवं रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए। अपने बायोडेटा के साथ तत्काल संपर्क करें... समय 11 से 4

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9301915303

CMYK